# वार्षिक आख्या : मिशन शक्ति

– डॉ. शीराज खान (प्रभारी फेज–1)
– डॉ. रेनू सिंह (प्रभारी फेज–2)
– डॉ. अनुभा श्रीवास्तव (प्रभारी फेज–3)
संयोजिका–मिशन शक्ति

## सत्र 2020–21

1. **09.12.2020**

महिला हेल्प लाइन विषय पर जागरूकता–व्याख्यान/पोस्टर, स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. शीराज खान एवं डा. रवि कुमार अंग्रेजी विभाग द्वारा गया ।

2. **10.12.2020**

भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डा. रवि कुमार (अंग्रेजी विभाग) द्वारा किया गया।

3. **10.12.2020**

साइबर क्राइम विषय पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन डा. अंजूलता (शिक्षाशास्त्र विभाग) द्वारा किया गया।

4. **12.12.2020**

'नारी सुरक्षा भयमुक्त जीवन' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन डा. संजीव मिश्रा (शारीरिक शिक्षा विभाग) द्वारा किया गया।

5. **14.12.2020**

महिला सशक्तिकरण एवं महिला सम्मान एवं सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. अनुभा श्रीवास्तव (इतिहास विभाग) द्वारा कराया गया।

6. **14.12.2020**

महिला सुरक्षा एवं सम्मान एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डा. अजय शंकर यादव, इतिहास विभाग द्वारा कराया गया।

7. **15.12.2020**

छात्राओं द्वारा महिला सशक्तिकरण पर विचार अभिव्यक्ति एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डा. दिवसकान्त समाधिया (राजनीति विज्ञान) द्वारा कराया गया।

8. **15.12.2020**

भारत में स्त्री शिक्षा समस्याएँ एवं समाधान।

9. **15.12.2020**

महिला सशक्तिकरण विषय पर छात्राओं द्वारा विचार अभिव्यक्ति एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डा. ज्योति सिंह गौतम (राजनीति शास्त्र विभाग) द्वारा कराया गया।

10. **16.12.2020**

महिला सशक्तिकरण विषय पर अतिथि व्याख्यान एवं पोस्टर प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता का आयोजन डा. क्रान्तिकुमार त्रिवेदी द्वारा कराया गया।

11. **17.11.2020**

बालिका सुरक्षा शपथ अभियान का आयोजन किया गया।

12. **17.12.2020**

Women Safety Issues & Measures विषय पर वेबिनार एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डा. हरिओम दिवाकर (कॉमर्स विभाग) द्वारा कराया गया।

13. **19.12.2020**

साहित्य एवं स्त्री सशक्तिकरण प्रश्न व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन डा. अनिल कुमार सिंह, हिन्दी विभाग द्वारा किया गया।

14. **21.12.2020**

भारत में लैंगिक असमानता की समस्या– कारण एवं समाधान पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन डा. अंजूलता (शिक्षाशास्त्र विभाग) द्वारा किया गया।

**15. 21.12.2020**

महिला सशक्तिकरण सम्बन्धी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन डा. अरुण कुमार (राजनीति शास्त्र विभाग) द्वारा कराया गया।

**16. 22.12.2020**

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (महिलाओं से सम्बन्धित कानून, नीतियां एवं कार्यक्रम) विषय पर डा. मनीष पटेल, समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित कराया गया।

**17. 22.12.2020**

मिशन शक्ति अभियान विषय के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**18. 22.12.2020**

प्रसार व्याख्यान 'महिला उद्यमिता' विषय पर आयोजित किया गया।

**19. 23.12.2020**

महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित प्रकरणों पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन डा. एस.एस. कुशवाहा (शिक्षा शास्त्र विभाग) द्वारा किया गया।

**20. 23.12.2020**

कृषि क्षेत्र में स्त्रियों की सहभागिता विषय पर परिचर्चा का आयोजन डा. तनुज कुमार (शिक्षा शास्त्र विभाग) द्वारा किया गया।

**21. 27.11.2020**

बालिका सुरक्षा शपथ अभियान का आयोजन किया गया।

**22. 28.12.2020**

आहारीय पोषण तत्वों की आवश्यकता विषय पर सर्कुलर लेटर व फोल्डर छात्राओं को जागरुक करने हेतु वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन डा. रेनू सिंह (गृहविज्ञान) द्वारा किया गया।

वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन 'महिला सशक्तिकरण' पर श्रीमती नीलम चौधरी अर्थशास्त्र विभाग द्वारा कराया गया।

**23. 30.12.2020**

आत्मरक्षा का महत्व व अभिभावकों की महिला सशक्तिकरण में भूमिका विषय पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन डा. शीराज खान (अंग्रेजी विभाग) द्वारा कराया गया।

**24. 18.01.2021**

महिला उद्यमिता विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन डा. मनीष पटेल एवं श्री कमलेश कुमार (समाजशास्त्र विभाग) द्वारा किया गया।

**25. 29.01.2021**

Current Issue in Economics of India विषय पर व्याख्यान डा. हरीओम् दिवाकर, कॉमर्स विभाग द्वारा आयोजित किया गया।

**26. 08.02.2021**

महिला सशक्तिकरण व अधिकारों पर विस्तृत व्याख्यान मुख्य अतिथि डा. कंचन जायसवाल द्वारा दिया गया एवं शिक्षा के महत्व विषय पर नाटक का प्रस्तुतीकरण किया गया।

**27. 08.03.2021**

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किशोरियों की स्वास्थ्य एवं पोषण सम्बन्धी समस्याओं एवं महत्व पर व्याख्यान आयोजित किया गया। साक्षरता के महत्व पर छात्राओं द्वारा नाटक का मंचन किया गया।

**28. 15.03.2021**

महिला स्वास्थ्य एवं कैंसर रोग के प्रति किशोरियों में जागरुकता पर कैंसर विशेषज्ञ डा. चक्रपाणि अवस्थी (राजकीय मेडिकल कालेज, दतिया) द्वारा पावर पाइन्ट प्रस्तुतीकरण एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डा. रेनू सिंह (प्रभारी-मिशन शक्ति) द्वारा किया गया।

## सत्र 2021-22

माह अगस्त 2021 से माह दिसम्बर 2021 के मध्य "मिशन शक्ति" के अन्तर्गत कराये गये

कार्यक्रमों की वार्षिक आख्या निम्न प्रकार है-

1. 26.08.2021

बालिका सुरक्षा शपथ, हेल्थ डेस्क से सम्बन्धित जानकारी, निबन्ध प्रतियोगिता "महिला समानता : कितनी वास्तविकता कितनी भ्रामक।"

2. 28.08.2021

घरेलू हिंसा, दहेज कानून, पॉक्सो एक्ट के सम्बन्ध में गोष्ठी, मुख्य अतिथि- पुलिस एस.ओ. श्रीमती अर्चना वर्मा। डॉ. दीप सिंह द्वारा स्वरचित कविता पाठ।

3. 04.09.2021

योग प्रशिक्षण- विश्वविद्यालय शिक्षक कु. जाग्रति एवं कु. कंचन द्वारा गोष्ठी। डॉ. रेनू सिंह द्वारा "महिलाओं में पोषण के प्रति जागरुकता" विषय पर पी.पी.टी. माध्यम से।

4. 11.09.2021

मार्शल आर्ट प्रशिक्षण- जूडो संघ के सचिव श्री दीपक विश्वकर्मा एवं श्री हरिओम पाल जी द्वारा। गोष्ठी- श्री हीरालाल जी द्वारा "महिलाओं के प्रति अपराधों से निपटने के तरीकों के बारे में" पी.टी.टी. के माध्यम से।

5. 25.09.2021

योग प्रशिक्षण- सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, वृक्षासन आदि। रोल मॉडल- दीपा मलिक द्वारा विकलांगता के बावजूद पैरा ओलम्पिक एवं पद्म श्री विजेता बनने की कहानी।

6. 02.102.2021

छात्राओं हेतु परामर्श सत्र, सफाई कार्यक्रम, एजेंट ऑफ चेंज का सम्मान।

7. 09.10.2021

मार्शल आर्ट प्रशिक्षण, पोस्टर प्रतियोगिता- "महिलायें एवं क्षय रोग", गोष्ठी- मुख्य अतिथि डॉ. वेदप्रकाश (जिला क्षय रोग अधिकारी), श्री रूपेश नामदेव (जिला कार्यक्रम समन्वयक)।

8. 23.10.2021

योग प्रशिक्षण कार्यक्रम, रोल मॉडल- नायका की चेयरपर्सन फाल्गुनी नायर के भारत की पहली महिला Billionarie बनने का सफर, परामर्श सत्र।

9. 13.11.2021

महिला सुरक्षा सम्बन्धी प्राविधानों पर गोष्ठी, श्री क्रांति कुमार त्रिवेदी द्वारा।

10. 20.11.2021

बालिका सुरक्षा शपथ, महिला सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न हेल्पलाइनों का व्यापक प्रचार-प्रसार।

11. 27.11.2021

योग प्रशिक्षण कार्यक्रम, परामर्श सत्र, रोल मॉडल स्वरमलिका लता मंगेशकर का जीवन-परिचय।

12. 04.12.2021

गोष्ठी- आहार, पोषण एवं महिला स्वास्थ्य विषय पर डॉ. रेनू सिंह द्वारा, मुख्य अतिथि- डॉ. एस. के. राय (प्राचार्य बुन्देलखण्ड महाविद्यालय) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. जितेन्द्र तिवारी (बुन्देलखण्ड महाविद्यालय)।

13. 10.12.2021

अभिविन्यास कार्यक्रम एवं महिला सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न हेल्पलाइनों की विस्तृत जानकारी।

14. 18.12.2021

बालिका सुरक्षा शपथ, क्रीड़ा प्रतियोगिता (खो-खो, रस्साकशी एवं बैडमिंटन) का आयोजन।

15. 30.12.2021

चार माह चले मिशन शक्ति फेज-3 के कार्यक्रमों का समापन, मुख्य अतिथि विधायक श्री रवि शर्मा जी द्वारा। आभार प्रदर्शन मिशन शक्ति संयोजिका डॉ. अनुभा श्रीवास्तव द्वारा।

# आख्या : मिशन शक्ति

– डॉ. शीराज खान
प्रभारी मिशन शक्ति, फेज–1

महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज–01 के अन्तर्गत दिनांक 19.10.2020 से दिनाँक 08.02.2021 के मध्य महिला सशक्तिकरण हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जैसे– महिला सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम, समूह परिचर्चा, क्विज, महिला जागरुकता व सुरक्षा पर पोस्ट प्रतियोगिता, अतिथि व्याख्यान, भाषण व पॉवर प्वाइण्ट प्रतियोगिता, साइबर क्राइम जागरुकता कार्यक्रम, लैंगिक असमानता, भयमुक्त नारी जीवन, महिला अपराध व जागरुकता, महिला हेल्पलाइन इमरजेन्सी नम्बर, महिला शिक्षा, महिला स्वावलम्बन, महिला उद्यमिता व अन्य जड़ित मुद्दों पर ऑफलाइन/ऑनलाइन कार्यक्रम हुए। उक्त कार्यक्रमों में मिशन शक्ति समन्वयक के दायित्वों का निर्वहन किया। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई राजकीय महिला महाविद्यालय शक्ति योजना के अन्तर्गत 19.10.2020 से 23.10.2020 तक ऑनलाइन आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला/वेबीनार का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत श्री कार्तिक नेडियार ब्लैक बैल्ट पंचम डॉन को प्रशिक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने लाइव वर्कशॉप के माध्यम से छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट की विभिन्न बारीकियों से अवगत कराया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शीराज खान द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए मार्शल आर्ट के महत्व की जानकारी प्रसाद व्याख्यान द्वारा दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शीराज खान द्वारा किया गया।

# वार्षिक आख्या : बालिका स्वास्थ्य शिविर 2021–22

– डॉ. रेनू सिंह
प्रभारी–बालिका स्वास्थ्य शिविर

शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में स्थापित बालिका स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत कराए गए कार्यक्रमों की वार्षिक आख्या निम्नवत् है–

| क्र.सं. | दिनाँक | आयोजित कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | 04.09.2021 | योगासन एवं व्यायाम। |
| 2. | 11.09.2021 | व्यायाम एवं आसन। |
| 3. | 20.10.2021 | "पोषण का महत्व" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। |
| 4. | 28.10.2021 | रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। |
| 5. | 13.11.2021 | कोविड–19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। |
| 6. | 10.12.2021 | उत्तम पोषण विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। |
| 7. | 14.12.2021 | रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। |
| 8. | 19.12.2021 | क्रीड़ा प्रतियोगिता का महाविद्यालय में आयोजन किया गया। |
| 9. | 14.03.2022 | कोलेस्ट्रॉल एवं मधुमेह रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। |
| 10. | 07.03.2022 | किशोर लड़कियों की शारीरिक समस्याओं से सम्बन्धित जिला चिकित्सालय के सौजन्य से परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। |

# वार्षिक आख्या : सड़क सुरक्षा सप्ताह 2021–22

– डॉ. अजय शंकर यादव
कार्यक्रम संयोजक

परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार यातायात सुरक्षा मंडल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न दिवसों में राजकीय महिला महाविद्यालय झाँसी में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न स्तरों पर किया गया। इसके परिणाम निम्नवत् हैं–

## यातायात सड़क सुरक्षा कार्यक्रम
## सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जनपद स्तरीय प्रतियोगिता परिणाम

| दिनाँक | प्रतियोगिता का नाम | प्रतियोगी का नाम | स्थान |
|---|---|---|---|
| 26.11.2021 | पोस्टर प्रतियोगिता | शोभा कुशवाहा | प्रथम |
| | पोस्टर प्रतियोगिता | शिवानी प्रजापति | द्वितीय |
| | पोस्टर प्रतियोगिता | करिश्मा गौतम | तृतीय |
| | स्लोगन प्रतियोगिता | शिखा कुशवाहा | प्रथम |
| | स्लोगन प्रतियोगिता | प्रियंका | द्वितीय |
| | स्लोगन प्रतियोगिता | दीपिका | तृतीय |
| | निबंध प्रतियोगिता | अंकिता रायकवार | प्रथम |
| | निबंध प्रतियोगिता | अंकिता कैथवास | द्वितीय |
| | निबंध प्रतियोगिता | यूनिस खान | तृतीय |

## सड़क सुरक्षा मंडल स्तरीय प्रतियोगिता

| दिनाँक | प्रतियोगिता का नाम | प्रतियोगी का नाम | स्थान |
|---|---|---|---|
| 08.12.2021 | क्विज प्रतियोगिता | राधा निरंजन | प्रथम |
| | क्विज प्रतियोगिता | ईशु राय | द्वितीय |
| | क्विज प्रतियोगिता | देवेन्द्र कुमार | तृतीय |
| | स्लोगन प्रतियोगिता | शिखा कुशवाहा | प्रथम |
| | स्लोगन प्रतियोगिता | प्रियंका | द्वितीय |
| | स्लोगन प्रतियोगिता | अमित कुमार | तृतीय |
| | चित्रकला प्रतियोगिता | अनुप्रिया त्रिपाठी | प्रथम |
| | चित्रकला प्रतियोगिता | शोभा कुशवाहा | द्वितीय |
| | चित्रकला प्रतियोगिता | अदिति नायक | तृतीय |

# वार्षिक आख्या : मतदाता जागरुकता कार्यक्रम 2021–22

– डॉ. अजय शंकर यादव
कार्यक्रम संयोजक

राजकीय महिला महाविद्यालय, झाँसी में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को मतदान हेतु जागरुक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका विवरण निम्नवत् है–

## मतदाता जागरुक कार्यक्रम, दिनाँक : 23 दिसम्बर 2021

| दिनाँक | प्रतियोगिता का नाम | प्रतियोगी का नाम | स्थान |
|---|---|---|---|
| 23.12.2021 | भाषण प्रतियोगिता | सपना कुशवाहा | प्रथम |
| | भाषण प्रतियोगिता | शिवानी प्रजापति | द्वितीय |
| | भाषण प्रतियोगिता | निधि चौबे | तृतीय |
| | रंगोली प्रतियोगिता | रचना कुशवाहा | प्रथम |
| | रंगोली प्रतियोगिता | दुर्गेश कुमारी | द्वितीय |
| | रंगोली प्रतियोगिता | खुशी तिवारी | तृतीय |
| | पोस्टर प्रतियोगिता | सबा कुशवाहा | प्रथम |
| | पोस्टर प्रतियोगिता | शिवानी प्रजापति | द्वितीय |
| | पोस्टर प्रतियोगिता | दुर्गेश कुमारी | तृतीय |

# वार्षिक आख्या : अमृत महोत्सव कार्यक्रम 2021–22

– डॉ. अजय शंकर यादव
कार्यक्रम संयोजक

उ.प्र. शासन के निर्देशानुसार राजकीय महिला महाविद्यालय में चलाए जा रहे अमृत महोत्सव कार्यक्रम की सत्र 2021–22 का वार्षिक आख्या निम्नवत् है–

| क्र.सं. | दिनाँक | आयोजित कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | 14.08.2021<br>15.08.2021 | भाषण प्रतियोगिता– अगस्त क्रांति स्वतन्त्रता की ओर बढ़ते कदम। |
| 2. | 25.08.2021 | संस्कृत सप्ताह समारोह। |
| 3. | 10.09.2021 | भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। |
| 4. | 26.10.2021 | प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (खादी ग्रामोद्योग आयोग लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न कराया।) |
| 5. | 23.12.2021 | समग्र भारत कार्यक्रम (क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान में कराया) |

# वार्षिक आख्या : व्यवसायपरक अभिप्रेरण समिति

डॉ. अंजू लता
प्रभारी–व्यवसायपरक अभिप्रेरण समिति 2019–21

– मनीष पटेल
प्रभारी–व्यवसायपरक अभिप्रेरण समिति 2021–22

## सत्र : 2019–20

1. दिनाँक 14, 15, एवं 16 अक्टूबर 2019 को जे.पी. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, झाँसी के सौजन्य से "प्रभावशाली व्यक्तित्व एवं सम्प्रेषण कौशल" विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कराया। जिसमें छात्राओं को सम्प्रेषण कौशल की बारीकियों, व्यवहारगत योग्यताओं, शिष्टाचार तथा तनाव प्रबन्धन का प्रशिक्षण दिया गया।

2. दिनाँक 1 नवम्बर 2019 से 11 दिसम्बर 2019 तक मेधा लर्निंग फाउण्डेशन, झाँसी के सौजन्य से 30 दिवसीय "कैरियर एडवांसमेन्ट बूट कैम्प (CAB) प्रशिक्षण शिविर" का आयोजन कराया जिसमें छात्राओं को रोजगार के लिए आवश्यक कौशल जैसे– इन्ट्रोडक्शन, पब्लिक स्पीकिंग, लीडरशिप, ग्रुप डिशकशन, ग्रुप प्रेजेन्टेशन, इन्टरव्यू, रिज्यूमे राइटिंग, इण्डस्ट्री प्रोजेक्ट, फ्यूचर प्लानिंग और रिफ्लेक्शन आदि में प्रशिक्षित किया गया।

3. दिनाँक 1 नवम्बर 2019 से 15 नवम्बर 2019 तक उ.प्र. शासन द्वारा समस्त रोजगारों के लिए "सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण" कराने हेतु छात्राओं को जागरुकता परामर्श प्रदान किया गया।

4. अप्रैल, मई, जून 2020 में "कोरोना आपदा" के समय छात्राओं को मास्क बनाने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं द्वारा मास्क बनाया गया, जिसे समाज के जरूरतमन्द लोगों में वितरित किया गया।

## सत्र : 2020–21

1. जुलाई, अगस्त, सितम्बर 2020 में छात्राओं को उनके द्वारा मास्क बनाकर जरूरतमंदों में वितरित करने हेतु प्रेरित किया गया।

2. दिनाँक 21, 22 एवं 23 जनवरी 2021 को "दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन" के सौजन्य से "03 दिवसीय रोजगार जागरुकता अभियान शिविर" का आयोजन कराया। जिसमें छात्राओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न रोजगार परक योजनाओं, कौशल विकास योजनाओं की जानकारी दी गयी।

## सत्र : 2021–22

1. दिनाँक 26.10.2021 को राजकीय महिला महाविद्यालय, झाँसी में व्यावसायिक अभिप्रेरण समिति तथा उद्यमिता विकास संस्थान, उ.प्र. के संयुक्त तत्वावधान में "प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना" के अन्तर्गत एक दिवसीय छात्रा जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। उद्यमिता विकास संस्थान, लखनऊ के डॉ. अरविंद कुमार सिंह जी ने योजना के उद्देश्य की विस्तारपूर्वक व्याख्या की। उद्योग विभाग झाँसी की सहायक प्रबन्धक श्रीमती प्रज्ञा मिश्रा द्वारा रोजगार सृजन योजना के विभिन्न कार्य क्षेत्रों, सरकारी सहायता, ऋण तथा अनुदान आदि की विस्तृत जानकारी छात्रों को प्रदान की। इसी क्रम में खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, झाँसी के सहायक

विकास अधिकारी श्री राम अवतार जी ने योजना के कार्यक्रम क्रियान्वयन व ब्याज छूट सम्बन्धी जानकारी प्रदान की। पंजाब नेशनल बैंक के काउन्सलर श्री पी. एन. निरंजन ने विभिन्न योजनाओं जैसे प्रतिभा, सरस्वती, उड़ान आदि के बारे में छात्राओं को जानकारी दी।

2. विभिन्न क्षेत्रों में व्यवसाय व रोजगार की सम्भावनाओं पर छात्राओं का मार्गदर्शन।
3. प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु छात्राओं का मार्गदर्शन।
4. रोजगार सम्बन्धी विज्ञापनों/सूचनाओं का प्रचार-प्रसार।

# वार्षिक आख्या : "पढ़े झाँसी, बढ़े झाँसी" कार्यक्रम

**– मनीष पटेल**
संयोजक

दिनाँक 12.01.2021 को राजकीय महिला महाविद्यालय, झाँसी में शासन के निर्देशानुसार "पढ़े झाँसी, बढ़े झाँसी" कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एस. एस. सिंह के मार्गदर्शन में श्री मनीष पटेल, डॉ. संजीव मिश्रा तथा डॉ. दिवस कान्त समाधिया द्वारा सम्पन्न कराया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. एस.एस. सिंह ने छात्राओं को पाठ्यपुस्तकों से इतर व्यक्तित्व विकास तथा साहित्य की पुस्तकों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

श्री मनीष पटेल ने पुस्तकों से पढ़ने तथा नेट आधारित सूचना व ज्ञान को पूरक के रूप में प्रयोग करने पर बल दिया।

इस कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्राओं ने कोविड मापदंडों का पालन करते हुए सक्रिय भागीदारी दर्ज करायी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. बी.बी. त्रिपाठी, डॉ. शीराज खान, डॉ. एस. कुशवाहा, डॉ. अंजूलता, डॉ. ज्योति सिंह गौतम, डॉ. अनिल कुमार सिंह, श्रीमती नीलम चौधरी, डॉ. हरिओम दिवाकर, डॉ. रेनू सिंह, डॉ. अजय शंकर यादव, डॉ. क्रान्ति कुमार त्रिवेदी, श्री कमलेश कुमार, श्री अरुण कुमार व श्री तनुज कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यालय का सक्रिय सहयोग रहा।

# वार्षिक आख्या : महिला दिवस

– डॉ. अनुभा श्रीवास्तव
प्रभारी–मिशन शक्ति

वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में इतिहास परिषद के तत्वावधान में दिनाँक 8 मार्च 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। जिसमें "मेरी पसंदीदा ऐतिहासिक महिला" विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

इसके अलावा ऐतिहासिक चरित्रों पर आधारित एक फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजिन किया गया। जिसमें लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई, रानी पद्मिनी, जोधाबाई, अब्दुल कलाम आदि विभिन्न ऐतिहासिक रूपों में छात्राओं ने स्टेज पर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात् सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ऐसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सीमा पाण्डेय जी धर्मपत्नी मंडलायुक्त रहीं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पुरातत्व अधिकारी डॉ. एम. के. दुबे, इतिहासकार श्री चित्रगुप्त जी एवं श्री प्रदीप तिवारी जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. बी.बी. त्रिपाठी जी ने की।

मुख्य अतिथि महोदया ने अपने उद्बोधन में छात्राओं से कहा कि महिला में प्रारम्भ से ही मैनेजमेन्ट स्किल होती है, वो जितनी प्रवीणता से अपना घर संभालती है उतनी ही योग्यता से वे बाहर के काम भी करती हैं।

श्री एस. के. दुबे जी ने छात्राओं को मजबूती से हर परिस्थिति से निपटने की सलाह दी वहीं श्री चित्रगुप्त जी ने बुन्देलखण्ड की वीर महिलाओं के बारे में छात्राओं को जानकारी दी।

प्राचार्य द्वारा छात्राओं को आशीर्वचन कहे गये एवं आभार प्रदर्शन मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. अनुभा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा प्रगति मिश्रा एवं तनाज खान ने किया।

# अष्टम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

"अमृत योग सप्ताह" कार्यक्रम 16 जून 2022 से 21 जून 2022 तक आयोजित करने हेतु शासन द्वारा प्रस्तावित था। इसी श्रृंखला में आज दिनांक 21 जून 2022 को महाविद्यालय में "अमृत योग सप्ताह" कार्यक्रम के अंतिम दिन "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान के अध्यक्ष श्री हरिगोविन्द कुशवाहा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी झाँसी/चित्रकूटधाम मंडल डॉ. राजेश प्रकाश उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में योगाचार्य श्री मोहित लखेरा (बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी) के द्वारा विभिन्न योग क्रियाएँ सूर्य नमस्कार, भद्रासन, वक्रासन, अर्ध मक्रासन, प्राणायाम तथा ध्यान आदि का अभ्यास छात्राओं को कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. बी.बी. त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रेनू सिंह व संचालन सह-संयोजक डॉ. अजय शंकर यादव द्वारा किया गया। समिति के सदस्य श्री क्रान्ति कुमार त्रिवेदी व डॉ. ज्योति श्रीवास्तव द्वारा छह दिवसीय कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया गया। कार्यक्रम में सभी का आभार प्राचार्य डॉ. बी.बी. त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कार्मिकगण तथा लगभग ढाई सौ छात्राएँ उपस्थित रहीं।








वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई राजकीय महिला महाविद्यालय, झाँसी (उ.प्र.)
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
21 जून
वर्ष - 2022 - 23
प्रशिक्षण शिविर - 16 जून से 21 जून 2022
डॉ. रेनू सिंह
कार्यक्रम संयोजक
मोहित लखेरा
सह संयोजक
INDIA'S INDEPENDENCE
आजादी का अमृत महोत्सव


EK SUNHERI SUBHA
सत्र - 2021- 22


PARAKH
Voluntary Blood Bank
वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई
राजकीय महिला महाविद्यालय, झाँसी
मिशन शक्ति फेज 3.0 कार्यक्रम के तत्वाधान में
बालिका स्वास्थ्य
सत्र - 2021- 22


वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई राजकीय










मिशन
शक्ति
फेज 3.0
1098
102
108




वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई राजकीय महिला महाविद्यालय झाँसी (उ.प्र.)
व्यावसायिक अभिप्रेरण समिति
कार्यक्रम का नाम - रोजगार निर्देशन सेमिनार
दिनांक - 5.11.2022
Success
मनीष पटेल
प्रभारी
डॉ. बी. बी. त्रिपाठी
प्राचार्य
GPS
Camera
Local 02:43:41 PM
GMT 09:13:41 AM
Altitude 12.24 meters
Date Sat, 05 Nov 202
Civil Lines, Jhansi, Uttar Pradesh
5.11.2022
रोजगार परामर्श